भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3300

जिसका उत्तर शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों हेतु कच्चे माल की आपूर्ति

3300. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य-पूर्व क्षेत्र में चल रहे युद्ध ने देश में उर्वरकों और उर्वरक संबंधी कच्चे माल की आपूर्ति के साथ-साथ आयात लागत और परिवहन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है;
(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आयातित यूरिया, डी.ए.पी., एम.ओ.पी और अन्य प्रमुख उर्वरकों की मात्रा का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और इनकी उपलब्धता के साथ-साथ इनमें कितनी वृद्धि/कमी दर्ज की गई है;
(ग) क्या सरकार ने आयात के वैकल्पिक स्रोतों, दीर्घकालिक आपूर्ति समझौतों और घरेलू उत्पादन वृद्धि के माध्यम से उर्वरकों की संभावित कमी से निपटने के लिए कोई विशेष कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि देश के किसानों को महत्वपूर्ण बुआई और फसल सीजन के दौरान उर्वरकों की किसी भी कमी का सामना न करना पड़े और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और बिहार के भागलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): मध्य-पूर्व क्षेत्र में चल रहे युद्ध से उर्वरकों और कच्चे माल के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप माल भाड़ा और बीमा लागत, शिपमेंट में देरी और मूल्य अस्थिरता में वृद्धि हुई है। तथापि, देश में उर्वरक उपलब्धता काफी हद तक विविध सोर्सिंग और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से पर्याप्त बनी रही।

पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आयातित प्रमुख उर्वरकों की मात्रा निम्नानुसार है:

वर्ष	**यूरिया (एलएमटी)**	**डीएपी (एलएमटी)**	**एमओपी (एलएमटी)**	**एनपीके (एलएमटी)**
2021-22	91.36	54.62	24.60	11.70
2022-23	75.80	65.83	18.66	27.52

2023-24	70.42	55.67	28.69	22.17
2024-25	56.47	45.69	35.41	22.72
2025-26	103.50	61.94	29.00	37.08
2026-27 (जून-26 तक)	25.08	7.11	6.09	4.91

वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक और खरीफ 2026 (01.04.2026 से 03.08.2026 तक) के लिए प्रमुख उर्वरकों की वर्षवार उपलब्धता का विवरण **अनुलग्नक 1** में दिया गया है।

(ग) और (घ): सरकार ने विदेशों में भारतीय मिशनों से बातचीत कर विभिन्न देशों से खरीद के अवसरों की खोज करके आयात स्रोतों में विविधता लाने के लिए उपाय किए हैं। जिसका उद्देश्य उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और वैश्विक बाजार व्यवधानों से उत्पन्न अनियमितताओं को कम करना था।

इसके अलावा, भारत सरकार भारतीय उर्वरक कंपनियों को विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के साथ दीर्घकालिक समझौते करने में सुविधा प्रदान करती है। इसके अनुरूप, भारतीय कंपनियों ने इस वर्ष में भारत को डीएपी/एनपीके की क्रमशः लगभग 31 एलएमटी और 26.50 एलएमटी वार्षिक आपूर्ति के लिए सऊदी अरब और रूसी कंपनियों के साथ समझौते को अंतिम रूप दिया है। म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) के लिए, भारतीय कंपनियों ने इस वर्ष रूस, जर्मनी और तुर्कमेनिस्तान से प्राप्त 4.80 एलएमटी की आपूर्ति के लिए समझौते को अंतिम रूप दिया है।

घरेलू उत्पादन को गति प्रदान करने के लिए सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं

क. यूरिया :

- यूरिया के संबंध में, सरकार ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को सुविधाजनक बनाने और यूरिया क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 जनवरी, 2013 को नई निवेश नीति (एनआईपी)-2012 की घोषणा की और 7 अक्टूबर, 2014 को इसमें संशोधन किया। एनआईपी-2012 के तहत कुल 6 नई यूरिया इकाइयां स्थापित की गई हैं जिनमें नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवीसी) के माध्यम से स्थापित 4 यूरिया इकाइयां और निजी कंपनियों द्वारा स्थापित 2 यूरिया इकाइयां शामिल हैं। तेलंगाना में रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) की रामागुण्डम यूरिया इकाई तथा हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की 3 यूरिया इकाइयां नामत: गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी क्रमश: उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार में जेवीसी के माध्यम से स्थापित इकाइयां हैं। पश्चिम बंगाल में मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (मैटिक्स) की पानागढ़ यूरिया इकाई; और राजस्थान में चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) की गड़ेपान-।।। यूरिया इकाई निजी कंपनियों द्वारा स्थापित इकाइयां हैं। इनमें से प्रत्येक इकाई की संस्थापित क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एलएमटीपीए) है। ये इकाइयां अत्यधिक ऊर्जा दक्ष हैं क्योंकि ये अद्यतन प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं। अत:, इन इकाइयों ने मिलकर यूरिया उत्पादन क्षमता में 76.2 एलएमटीपीए की वृद्धि की है जिससे वर्ष 2014-15 के दौरान रही 207.54 एलएमटीपीए की कुल स्वदेशी यूरिया उत्पादन क्षमता (पुनर्आकलित क्षमता, आरएसी) वर्ष 2026-27 के दौरान बढ़कर 269.42 एलएमटीपीए हो गई है। इसके अलावा, कोयला गैसीकरण रूट पर 12.7 एलएमटीपीए का एक नया ग्रीनफील्ड यूरिया संयंत्र स्थापित करके नामित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की जेवीसी नामत: तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से

एफसीआईएल की तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करने के लिए एक विशेष नीति भी अनुमोदित की गई है। हाल ही में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ब्रह्मपुत्र वैली फ़र्टिलाइज़र कारपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल), नामरूप, असम के मौजूदा परिसर के भीतर नामित पीएसयू के जेवीसी के माध्यम से 12.7 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता के एक नए ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है जिसे असम वैली फर्टिलाइजर एण्ड केमिकल कंपनी लिमिटेड (एवीएफसीसीएल) के नाम से जाना जाएगा। ये दोनो परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं।

- सरकार ने स्वदेशी यूरिया उत्पादन को आरएसी से अधिक करने के एक उद्देश्य से मौजूदा 25 गैस-आधारित यूरिया इकाइयों के लिए 25 मई, 2015 को नई यूरिया नीति (एनयूपी)-2015 भी अधिसूचित की है। एनयूपी-2015 से यूरिया का उत्पादन वर्ष 2014-15 के दौरान हुए वार्षिक उत्पादन की तुलना में 20-25 एलएमटीपीए बढ़ा है।

- उपर्युक्त सभी उपायों से रिकार्ड यूरिया उत्पादन हुआ है, जो वर्ष 2014-15 के दौरान 225 एलएमटी प्रतिवर्ष था वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 314.07 एलएमटी का रिकार्ड उत्पादन हो गया है। वर्ष 2025-26 के दौरान देश में 293.30 एलएमटी यूरिया का उत्पादन हुआ है।

- इसके अलावा, आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश करने के लिए आत्मनिर्भर भारत के लिए राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 (एनआईपीयू-2026) को 15.07.2026 को मंजूरी दी।

ख. पीएंडके उर्वरक

सरकार ने 01.04.2010 से फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) स्कीम लागू की है। इस स्कीम के तहत, पीएंडके उर्वरकों को मुक्त सामान्य लाइसेंस (ओजीएल) के तहत शामिल किया गया है और कंपनियां अपने व्यावसायिक उतार-चढ़ाव के अनुसार इन उर्वरकों का आयात/उत्पादन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

- आयातित फॉस्फेटयुक्त उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एमआरपी की तर्कसंगतता पर दिनांक 18.01.2024 को जारी दिशानिर्देश के माध्यम से घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उपाय किए गए हैं, जिसमें आयातकों/उत्पादकों और एकीकृत उत्पादकों को क्रमशः 8%/10% और 12% का उचित लाभ दिया जाता है।
- अनुरोधों के आधार पर, एनबीएस सब्सिडी स्कीम के तहत नई उत्पादन इकाइयों अथवा मौजूदा इकाइयों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने को अहमियत दी गई है/संज्ञान में लिया गया है;
- एनबीएस नीति के तहत शामिल किए गए पीएण्डके उर्वरकों की संख्या वर्ष 2021 की 22 ग्रेड से बढ़ाकर 28 ग्रेड कर दी गई है।
- मृदा में फॉस्फेटयुक्त अथवा 'पी' पोषक तत्व प्रदान करने हेतु एसएसपी, जो एक स्वदेशी रूप से उत्पादित उर्वरक है, के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस पर मालभाड़ा सब्सिडी, खरीफ, 2022 से लागू की गई है।
- इसके अलावा स्कीम के तहत उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एनबीएस स्कीम के तहत पोषक तत्वों की दरें द्विवार्षिक आधार पर तय की जाती हैं।

उपर्युक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप, 2025-26 के दौरान पीएंडके उर्वरकों का अब तक का सर्वाधिक घरेलू उत्पादन 224.10 एलएमटी दर्ज किया गया है।

देश में उर्वरकों की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक मौसम में निम्नलिखित कदम उठाए जाते हैं:

(i) प्रत्येक फसल मौसम के प्रारंभ होने से पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) सभी राज्य सरकारों के परामर्श से उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है। डीएएंडएफडब्ल्यू द्वारा अनुमानित आवश्यकता के आधार पर, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजना जारी करते हुए राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का आवंटन करता है और उपलब्धता की लगातार निगरानी करता है।

(ii) देश भर में सब्सिडी प्राप्त सभी प्रमुख उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) नामक एक ऑनलाइन वेब आधारित निगरानी प्रणाली द्वारा की जाती है।

(iii) यूरिया और अन्य उर्वरकों की मांग (आवश्यकता) और उत्पादन के अंतर को आयात द्वारा पूरा किया जाता है। मौसम के लिए आयात को पहले ही निश्चित कर लिया जाता है ताकि समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

(iv) राज्य सरकारों को नियमित रूप से सलाह दी जाती है कि वे समय पर मांगपत्र जारी करके आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए उत्पादकों और आयातकों के साथ समन्वय स्थापित करें।

(v) राज्यों के लिए रेलगाड़ियों के पर्याप्त रैक देने, उर्वरकों को प्राथमिकता देने और रेलगाड़ियों की समय पर निकासी के लिए रेल मंत्रालय के साथ नियमित समन्वय किया जाता है।

(vi) राज्य के भीतर जिला/ब्लॉक स्तर पर उर्वरकों का वितरण संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है।

तदनुसार, पिछले पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26) और चल रहे खरीफ मौसम 2026 (01.04.2026 से 03.08.2026) के दौरान देश में उर्वरकों अर्थात यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके की उपलब्धता पर्याप्त रही है। जिसका विवरण **अनुलग्नक 1** पर संलग्न किया गया है।

इसके अलावा, चल रहे खरीफ मौसम 2026 (01.04.2026 से 03.08.2026 तक) के दौरान बिहार सहित उर्वरक की उपलब्धता, आवश्यकता, बिक्री और शेष स्टॉक की स्थिति का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-2** पर दिया गया है।

खरीफ 2026 में 06.08.2026 तक बिहार के भागलपुर जिले सहित उर्वरक की जिलावार आवश्यकता, प्राप्ति और उपलब्धता का विवरण **अनुलग्नक 3** पर संलग्न है।

*****

अनुलग्नक-1

यह अनुलग्नक 07.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3300 के उत्तर के भाग (क) और (ख) से संबंधित है।

2021-22 से 2026-27 (खरीफ 2026) तक उर्वरकों की वर्ष-वार उपलब्धता

आंकड़े एलएमटी में

क्र.सं.	**वर्ष**	**उर्वरकों की उपलब्धता**			
		यूरिया	**डीएपी**	**एमओपी**	**एनपीकेएस**
1	**2021-22**	389.68	100.49	27.06	135.74
2	**2022-23**	415.82	130.93	19.55	138.15
3	**2023-24**	437.47	127.42	22.74	156.51
4	**2024-25**	443.83	105.14	30.85	183.72
5	**2025-26**	450.79	121.72	30.58	198.97
6	**खरीफ 2026 (01.04.26 से 03.08.26 तक)**	183.84	44.60	14.62	90.84

अनुलग्नक-2

यह अनुलग्नक 07.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3300 के उत्तर के भाग (ग) और (घ) से संबंधित है।

चल रहे खरीफ़ 2026 मौसम (01.04.26 से 03.08.26 तक) के दौरान बिहार सहित सभी राज्यों में उर्वरकों की उपलब्धता, आवश्यकता, बिक्री और अंतिम स्टॉक

आंकड़े एलएमटी में

क्रम.	राज्य	यूरिया				डीएपी				एमओपी				एनपीकेएस			
		आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	अंतिम स्टॉक 03.08.2026 तक	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	अंतिम स्टॉक 03.08.2026 तक	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	अंतिम स्टॉक 03.08.2026 तक	आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	अंतिम स्टॉक 03.08.2026 तक
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2	आंध्र प्रदेश	4.07	6.92	3.18	3.75	0.93	1.91	1.00	0.91	0.45	0.81	0.35	0.46	2.45	7.09	3.00	4.09
3	अरुणाचल प्रदेश	0.02	0.02	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
4	असम	1.39	2.22	1.85	0.37	0.23	0.42	0.30	0.12	0.15	0.43	0.22	0.20	0.14	0.28	0.12	0.16
5	बिहार	**5.33**	**8.89**	**4.46**	**4.42**	**1.72**	**2.46**	**1.09**	**1.37**	**0.90**	**0.86**	**0.16**	**0.70**	**2.03**	**3.40**	**0.90**	**2.50**
6	चंडीगढ़	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
7	छतीसगढ	6.15	7.71	5.58	2.13	2.60	2.13	1.59	0.54	0.66	0.84	0.54	0.30	2.10	2.39	1.69	0.70
8	दादरा और नगर हवेली	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
9	दमन और दीव	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
10	दिल्ली	0.02	0.10	0.09	0.01	0.00	0.03	0.02	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
11	गोवा	0.01	0.01	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00	0.02	0.02	0.02	0.00
12	गुजरात	6.84	9.20	6.78	2.41	2.63	2.35	1.75	0.60	0.33	0.43	0.23	0.20	3.54	4.37	2.56	1.82
13	हरियाणा	6.87	10.41	8.44	1.97	1.37	1.76	1.28	0.48	0.46	0.38	0.15	0.23	0.36	0.49	0.17	0.32
14	हिमाचल प्रदेश	0.19	0.45	0.31	0.14	0.01	0.03	0.01	0.02	0.00	0.02	0.00	0.01	0.10	0.09	0.06	0.03
15	जम्मू और कश्मीर	0.63	1.15	0.82	0.34	0.18	0.29	0.20	0.09	0.08	0.15	0.11	0.04	0.02	0.06	0.03	0.04
16	झारखंड	1.53	2.25	1.28	0.97	0.45	0.43	0.29	0.15	0.05	0.06	0.01	0.05	0.55	0.62	0.33	0.29
17	कर्नाटक	7.16	9.54	5.31	4.23	2.91	3.46	2.54	0.93	1.42	1.65	0.86	0.79	8.14	12.87	7.62	5.25
18	केरल	0.34	0.73	0.44	0.29	0.07	0.18	0.10	0.07	0.24	0.51	0.32	0.19	0.57	0.60	0.36	0.24
19	लक्षद्वीप	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
20	मध्य प्रदेश	11.39	15.81	10.89	4.92	3.89	3.57	2.59	0.98	0.81	0.61	0.30	0.31	4.60	6.93	3.86	3.07
21	महाराष्ट्र	11.18	15.44	10.40	5.04	3.72	4.00	2.93	1.07	0.96	1.91	0.97	0.94	13.08	22.46	13.20	9.25
22	मणिपुर	0.11	0.18	0.13	0.05	0.02	0.02	0.01	0.01	0.00	0.01	0.00	0.00	0.01	0.02	0.01	0.01
23	मेघालय	0.02	0.02	0.01	0.01	0.02	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
24	मिजोरम	0.03	0.01	0.00	0.01	0.02	0.00	0.00	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
25	नागालैंड	0.01	0.01	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
26	ओडिशा	3.33	4.62	2.38	2.24	1.47	1.69	1.07	0.62	0.66	0.80	0.28	0.52	2.02	2.41	1.15	1.26
27	पुदुचेरी	0.04	0.06	0.05	0.01	0.00	0.01	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00	0.00	0.02	0.05	0.03	0.02
28	पंजाब	12.60	16.28	13.18	3.10	1.66	2.61	1.49	1.12	0.62	0.64	0.24	0.41	0.51	0.61	0.21	0.41
29	राजस्थान	7.10	11.89	8.61	3.28	3.35	2.75	2.17	0.58	0.05	0.15	0.05	0.10	0.83	1.43	0.70	0.73
30	सिक्किम	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
31	तमिलनाडु	2.96	4.93	3.19	1.74	0.86	1.17	0.64	0.53	0.66	0.76	0.44	0.33	2.95	3.94	2.14	1.80
32	तेलंगाना	7.65	8.43	4.83	3.60	2.12	2.25	1.89	0.36	0.62	0.56	0.17	0.39	7.60	8.12	5.08	3.04
33	त्रिपुरा	0.05	0.13	0.05	0.08	0.02	0.02	0.01	0.01	0.02	0.02	0.01	0.02	0.02	0.03	0.01	0.02
34	उत्तराखंड	0.75	0.98	0.80	0.18	0.15	0.30	0.15	0.14	0.04	0.05	0.01	0.05	0.12	0.04	0.02	0.02
35	उत्तर प्रदेश	27.70	37.60	23.73	13.87	5.83	9.25	4.44	4.80	1.65	1.39	0.27	1.12	2.35	6.59	1.57	5.02
36	पश्चिम बंगाल	3.76	7.84	3.89	3.95	0.92	1.50	0.70	0.80	0.89	1.56	0.46	1.11	2.42	5.92	2.19	3.74
	अखिल भारत	**129.21**	**183.84**	**120.73**	**63.12**	**37.17**	**44.60**	**28.28**	**16.33**	**11.75**	**14.62**	**6.16**	**8.48**	**56.57**	**90.84**	**47.03**	**43.82**

1. सुविधाजनक उपलब्धता का प्राथमिक संकेतक: उपलब्धता > आवश्यकता
2. सुविधाजनक उपलब्धता का द्वितीयक संकेतक: उपलब्धता > बिक्री

अनुलग्नक-3

यह अनुलग्नक 07.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3300 के उत्तर के भाग (ग) और (घ) से संबंधित है।

बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, खरीफ 2026 (06.08.26 तक) में ज़िला-वार उर्वरकों की आवश्यकता, प्राप्ति और उपलब्धता

उत्पाद: यूरिया

जिला	आवश्यकता (06.08.26 तक)	प्राप्ति (06.08.26 तक)	% आवश्यकता के अनुसार प्राप्ति	बिक्री (06.08.26 तक)	राज्य स्टॉक
पूर्णिया	17980	30965	172	16302	22180
मुंगेर	4546	7287	160	1928	8191
अररिया	13220	19066	144	11380	13316
कैमूर (भबुआ)	14091	20165	143	16247	12891
बक्सर	13182	18706	142	12369	15179
लखीसराय	5227	7240	139	3874	6559
खगरिया	10672	14190	133	6652	14532
भोजपुर	18182	24100	133	13192	22094
औरंगाबाद	18182	23826	131	15726	16414
आगलपुर	11591	14665	127	5895	15281
रोहतास	23182	29118	126	22148	19585
बेगूसराय	14635	18023	123	14509	12081
जमुई	8409	9872	117	3382	13085
कटिहार	12427	14584	117	10452	11673
नालन्दा	25119	29432	117	24023	11873
पटना	24590	27934	114	23092	14143
शेखपुरा	4773	5408	113	3195	4563
मुजफ्फरपुर	24392	27375	112	16101	19310
सारण	15336	16770	109	10856	16405
किशनगंज	7932	8646	109	8008	5735
मधेपुरा	12956	13729	106	12499	6672
पश्चिम चंपारण	30795	32583	106	42026	4327
सहरसा	8990	9406	105	9204	6764
समस्तीपुर	18294	18763	103	12900	12175
वैशाली	21038	21267	101	15440	17926
बांका	10000	9845	98	4339	10159
सुपौल	12956	12632	97	10885	8817
गया	21681	20557	95	11796	16229
नवादा	9783	9031	92	5507	10351
शिवहर	4269	3897	91	4033	1350
मधुबनी	17074	15402	90	15504	11691
दरभंगा	15855	13883	88	9626	10326
पूर्वी चंपारण	31710	26812	85	33533	8141
गोपालगंज	12427	10486	84	14495	1039
सिवान	14278	11437	80	13169	5498
सीतामढ़ी	17074	12856	75	15097	7328
अरवल	6875	5092	74	4847	2494
जहानाबाद	7403	5376	73	4105	4081
कुल	**561129**	**620426**	**111**	**478337**	**420458**

उत्पाद: डीएपी

जिला	आवश्यकता (06.08.26 तक)	प्राप्ति (06.08.26 तक)	% आवश्यकता के अनुसार प्राप्ति	बिक्री (06.08.26 तक)	राज्य स्टॉक
सहरसा	2380	2891	121	1383	5780
पूर्णिया	7141	7452	104	4299	15311
मधेपुरा	3570	3636	102	3009	7779
कैमूर (भभुआ)	5013	4379	87	4854	1174
अरवल	1745	1483	85	1342	655
पटना	5554	4605	83	4186	3462
रोहतास	7162	5921	83	5455	3436
कटिहार	5554	4566	82	3644	4730
लखीसराय	2435	1969	81	1334	1254
मुंगेर	1791	1445	81	673	1369
जहानाबाद	1984	1467	74	1177	1157
शेखपुरा	1432	996	70	743	563
अररिया	4760	3206	67	2378	4869
पश्चिम चंपारण	6988	4606	66	7141	4233
नालन्दा	6347	4076	64	4226	2664
औरंगाबाद	7162	4449	62	5075	1201
मुजफ्फरपुर	6552	3836	59	3862	5930
किशनगंज	2380	1345	57	1665	2592
पूर्वी चंपारण	8735	4797	55	6797	5439
जमुई	3223	1764	55	1461	1797
बांका	3581	1959	55	1742	2860
नवादा	2777	1514	55	1200	971
बक्सर	5013	2678	53	3977	1577
दरभंगा	3494	1840	53	1761	2637
गया	7141	3639	51	3707	2959
भोजपुर	6446	3167	49	4133	2970
भागलपुर	5730	2704	47	2248	6918
सीतामढ़ी	3494	1562	45	3419	3234
वैशाली	7425	3115	42	6568	4252
सारण	3967	1534	39	1626	3459
बेगूसराय	6552	2381	36	3080	8408
समस्तीपुर	6552	2349	36	3521	4361
गोपालगंज	1984	708	36	1259	1020
खगरिया	3494	1144	33	1143	6861
शिवहर	1310	420	32	966	435
मधुबनी	6115	1779	29	3999	2034
सुपौल	5078	1309	26	3877	3414
सीवान	2777	664	24	1353	2122
कुल	**174839**	**103349**	**59**	**114282**	**135887**

उत्पाद: एनपीके

जिला	आवश्यकता (06.08.26 तक)	प्राप्ति (06.08.26 तक)	% आवश्यकता अनुसार प्राप्ति	बिक्री (06.08.26 तक)	राज्य स्टॉक
सहरसा	2899	3537	122	1762	5450
रोहतास	11730	13028	111	6982	15295
पूर्णिया	7039	7411	105	4066	19845
समस्तीपुर	5385	5374	100	2528	10005
जहानाबाद	2485	2350	95	763	4024
मुजफ्फरपुर	7179	6379	89	2417	11782
मधेपुरा	6211	5408	87	5110	9569
भोजपुर	7568	6037	80	3580	10202
पश्चिम चंपारण	9199	6841	74	5160	9895
भागलपुर	6054	4341	72	2508	10865
वैशाली	7179	5065	71	5769	12117
औरंगाबाद	7568	5264	70	4269	5706
पटना	7454	5176	69	3048	7244
गया	8282	5639	68	2247	10586
बांका	3405	2315	68	1155	4572
जमुई	3405	2162	63	742	2824
पूर्वी चंपारण	11218	6863	61	4508	12946
किशनगंज	2485	1488	60	1490	3331
बक्सर	5676	3373	59	3711	5788
कैमूर (भभुआ)	6433	3814	59	3159	4063
बेगूसराय	6282	3679	59	1813	11027
मधुबनी	6282	3621	58	3263	3186
सीतामढ़ी	4936	2815	57	1870	6726
नालंदा	8282	4435	54	4875	6993
दरभंगा	4936	2594	53	937	5091
कटिहार	5797	2913	50	2831	9624
लखीसराय	2270	1078	47	576	1490
खगड़िया	3590	1637	46	853	6975
नवादा	3313	1486	45	795	2043
मुंगेर	1892	728	38	209	1172
अररिया	5383	2029	38	3108	5815
शिवहर	1122	379	34	299	553
सुपौल	6625	2154	33	4767	5869
अरवल	2070	664	32	759	1034
सीवान	4389	1256	29	797	3463
गोपालगंज	3892	889	23	687	1496
शेखपुरा	1892	370	20	281	683
सारण	4969	900	18	659	2995
कुल	**206774**	**135489**	**66**	**94352**	**252344**

उत्पाद: एमओपी

जिला	आवश्यकता (06.08.26 तक)	प्राप्ति (06.08.26 तक)	% आवश्यकता के अनुसार प्राप्ति	बिक्री (06.08.26 तक)	राज्य स्टॉक
पूर्णिया	4532	11405	252	872	15045
अररिया	2719	2483	91	752	3485
समस्तीपुर	2783	2279	82	889	2713
पश्चिम चंपारण	4639	3763	81	2467	4535
कटिहार	2719	2044	75	576	2712
मधेपुरा	2719	1906	70	654	3802
सहरसा	1813	1159	64	355	3094
पूर्वी चंपारण	3711	2004	54	643	3458
गया	2719	1441	53	317	1992
रोहतास	2667	1313	49	271	1352
सुपौल	2719	1178	43	821	1949
पटना	2719	1158	43	168	1310
भागलपुर	3556	1461	41	408	3316
वैशाली	3711	1466	40	1351	3508
किशनगंज	1813	608	34	392	899
मुजफ्फरपुर	3711	1101	30	626	2897
बेगूसराय	2783	770	28	473	1954
नालन्दा	2719	734	27	387	610
भोजपुर	1778	468	26	255	798
जहानाबाद	906	225	25	55	366
औरंगाबाद	2667	661	25	313	712
बांका	1778	414	23	136	1232
अरवल	906	162	18	29	167
कैमूर (भभुआ)	1778	283	16	244	222
सीतामढ़ी	2783	418	15	369	1557
बक्सर	1778	240	13	138	352
मधुबनी	2227	255	11	226	714
नवादा	906	102	11	31	140
जमुई	1778	164	9	47	184
खगरिया	2783	252	9	225	2492
दरभंगा	2783	228	8	166	565
मुंगेर	1778	130	7	59	283
गोपालगंज	1813	73	4	66	377
शिवहर	1484	53	4	50	106
लखीसराय	1778	30	2	25	82
सारण	1813	20	1	83	315
शेखपुरा	889	10	1	7	58
सीवान	1813	0	0	43	374
कुल	**90968**	**42456**	**47**	**14990**	**69727**

उत्पाद: एसएसपी

जिला	आवश्यकता (06.08.26 तक)	प्राप्ति (06.08.26 तक)	% आवश्यकता के अनुसार प्राप्ति	बिक्री (06.08.26 तक)	राज्य स्टॉक
कैमूर (भभुआ)	1920	6487	338	3976	5137
नालन्दा	2644	8005	303	3555	9524
औरंगाबाद	2733	7681	281	2524	8288
रोहतास	3324	9291	280	4257	12977
भोजपुर	2068	4317	209	1299	7872
बक्सर	1625	2739	169	1484	3666
पटना	2479	3248	131	1672	7790
नवादा	1488	1935	130	825	2678
पूर्णिया	2727	2930	107	706	8070
अरवल	578	565	98	431	821
शेखपुरा	665	639	96	293	845
वैशाली	2183	1986	91	486	3490
पश्चिम चंपारण	3755	3076	82	3407	7661
भागलपुर	1920	1430	74	468	3162
बांका	1920	1355	71	237	2355
पूर्वी चंपारण	4191	2698	64	3008	6759
जहानाबाद	1074	613	57	221	1018
जमुई	1182	573	48	98	1024
गया	2892	1324	46	676	6487
सीतामढ़ी	2096	811	39	797	2898
मुजफ्फरपुर	3580	1361	38	591	3871
अररिया	2149	792	37	598	2838
किशनगंज	2727	850	31	1042	2945
मुंगेर	739	225	30	64	660
बेगूसराय	2445	644	26	303	3183
खगरिया	1223	315	26	180	2965
मधेपुरा	2066	530	26	252	1126
शिवहर	611	155	25	166	331
कटिहार	2314	534	23	643	1904
लखीसराय	665	143	21	197	367
समस्तीपुर	2620	417	16	710	2371
गोपालगंज	2149	305	14	298	747
दरभंगा	2183	305	14	97	1420
सुपौल	2231	276	12	98	566
मधुबनी	3580	389	11	317	928
सारण	2644	190	7	72	785
सहरसा	1901	115	6	133	554
सीवान	2644	111	4	138	711
कुल	**81936**	**69359**	**85**	**36313**	**130794**